कार्यालय, पंजीयक शिक्षा विभागीय परीक्षाएं राजस्थान, बीकानेर

Email : panjiyak8ppp@gmail.com Ph. : 0151-2226570

क्रमांकः शिविरा/प्रारं/पंविप/प्राशिपूप/दिशा निर्देश/2022 दिनांकः 21.12.2022

अत्यावश्यक निर्देश

प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण–पत्र परीक्षा (कक्षा 8), 2023 इस सत्र में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर की माध्यमिक/उच्च माध्यमिक परीक्षाओं के साथ ही संपादित की जानी है। चूंकि प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण–पत्र परीक्षा (कक्षा 8), 2023 के लिए ऑनलाइन आवेदनपत्र भरने का कार्य प्रारम्भ किया जा रहा है अतः समस्त राजकीय एवं निजी विद्यालयों के संस्थाप्रधानों को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने विद्यालय के कक्षा–8 में अध्ययनरत समस्त नियमित विद्यार्थियों की पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो अधिकतम 50 केबी तथा हस्ताक्षर अधिकतम 20 केबी साइज में स्कैन कर तैयार रखें। ध्यान रहे कि रंगीन फोटो व हस्ताक्षर दोनों जेपीजी फॉर्मेट में स्कैन किए जाने हैं।

ऑनलाइन आवेदनपत्र पूरित कर सबमिट करने की अंतिम दिनांक 15 जनवरी 2023 (संभावित) रहेगी अतः विद्यार्थियों की पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो तथा हस्ताक्षर शीतकालीन अवकाश प्रारम्भ होने से पूर्व नियत साइज व फॉर्मेट में एकत्रित किया जाना सुनिश्चित करें।

प्राथमिक शिक्षा अधिगम स्तर मूल्यांकन (कक्षा–5) 2023 के लिए कक्षा–5 में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए भी इसी प्रकार पूर्व तैयारी किया जाना सुनिश्चित करें।

(नीरू भारद्वाज)
पंजीयक
शिक्षा विभागीय परीक्षाएं राजस्थान,
बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/प्रारं/पंविप/प्राशिपूप/दिशा निर्देश/2022 दिनांकः 21.12.2022

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं प्रभावी क्रियान्विति करवाने हेतु –

1. निदेशक, आरएससीईआरटी, उदयपुर को प्राथमिक शिक्षा अधिगम स्तर मूल्यांकन (कक्षा–5) 2023 के लिए समयबद्ध कार्यक्रम जारी करने की अपेक्षा के साथ।
2. संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा समस्त।
3. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी समस्त।
4. प्राचार्य डाइट समस्त।
5. उप निदेशक, शालादर्पण, जयपुर को राजकीय विद्यालय लॉगिन पर प्रकाशित करने हेतु।
6. उप निदेशक आरटीई कार्यालय हाजा को निजी विद्यालय लॉगिन पर प्रकाशित करने हेतु।
7. जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय प्रारम्भिक/माध्यमिक समस्त।
8. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी समस्त।
9. पीईईओ एवं यूसीईईओ समस्त।
10. संस्थाप्रधान, राजकीय एवं निजी (मान्यता प्राप्त) विद्यालय समस्त।
11. रक्षित पत्रावली।

21/12/2022
जिला शिक्षा अधिकारी
शिक्षा विभागीय परीक्षाएं
राजस्थान, बीकानेर